Date : ___/___/___

सेवा में,

प्राचार्य
चमनलाल महाविद्यालय
लण्ढौरा, हरिद्वार ।

विषय- संस्कृत-विभाग में B.O.S की बैठक के सम्बन्ध में ।

महोदय,

निवेदन यह है कि संस्कृत-विभाग की B.O.S की एक आवश्यक बैठक सभी सदस्यों के साथ दिनांक 23/07/2026 को प्रात: 11:00 बजे महाविद्यालय में होनी प्रस्तावित है। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहेंगे।

डॉ० अनिता रानी शर्मा	प्रभारी
डॉ० रामरतन खण्डेलवाल	सदस्य
डॉ० इन्दिरा जुगरान	सदस्य
दीपा रानी (पूर्व छात्रा)	सदस्य

अत: आप उक्त सम्बन्ध में अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

[signature]

[signature]
डॉ० अनिता रानी
प्रभारी
संस्कृत-विभाग

आवश्यक सूचना

B.O.S के सभी सम्मानित सदस्यों से मेरा अनुरोध है कि बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक दिनांक 23/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे से महाविद्यालय मे आरम्भ होगी। कृपया सभी सदस्य समय पर उपस्थित होने की कृपा करें।

बैठक के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार हैं।

एजेंडा-1. मुख्य परीक्षा हेतु छात्रों को 2:30 घण्टे का समय प्रदान किया जाए।

एजेंडा-2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुसार 75 अंक की मुख्य परीक्षा तथा 25 अंक की आन्तरिक परीक्षा कराई जाये।

एजेंडा-3. आन्तरिक परीक्षा में एकरूपता एवं पारदर्शिता हेतु (15 अंक परीक्षा, 5 अंक उपस्थिति, 5 अंक विविध गतिविधियों में प्रतिभाग) 15 अंको हेतु मिडटर्म परीक्षा आयोजित होगी।

एजेंडा 4. पीजी पाठ्यक्रम में दूसरे, चौथे सेमेस्टर में लघुशोध का प्रावधान किया जाए। पहले और तीसरे सेमेस्टर में विषय का निर्धारण होना चाहिए।

डॉ० अनिता रानी — प्रभारी
डॉ० राम रतन खण्डेलवाल — सदस्य
डॉ० इन्दिरा जुगरान — सदस्य
दीपा रानी (पूर्व छात्रा) — सदस्य

Date : ___/___/___

आज दिनांक 23/07/2026 को प्रातः 11:00 बजे संस्कृत - विभाग की B.O.S की बैठक समस्त विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में ससमय सम्पन्न हुई

1. डॉ० अनिता रानी — प्रभारी
2. डॉ० रामरतन खण्डेलवाल — सदस्य
3. डॉ० इन्दिरा जुगरान — सदस्य
4. दीपा रानी — (पूर्व छात्रा)

बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक में निम्न एजेंडा बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

एजेंडा बिन्दु 1. (विनिश्चय) — मुख्य परीक्षा के प्रश्नपत्रों को हल करने हेतु छात्रों को 2:30 घण्टे का समय प्रदान किया जाये।

एजेंडा बिन्दु 2. (विनिश्चय) — राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का समस्त पाठ्यक्रमों में 75 अंक की मुख्य परीक्षा तथा 25 अंक की आन्तरिक मूल्यांकन किया जाए।

एजेंडा बिन्दु 3. (विनिश्चय) — आन्तरिक परीक्षा में एकरूपता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु आन्तरिक मूल्यांकन (15 अंक की परीक्षा, 5 अंक उपस्थिति तथा 5 अंक अनुशासन / शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग) केन्द्रीकृत माध्यम से संपादित किया जाए। 15 अंकों हेतु मिड टर्म परीक्षा आयोजित की जाएगी।

एजेंडा बिन्दु 5.   पीजी पाठ्यक्रम में दूसरे सेमेस्टर
(विनिश्चय)   और चतुर्थ सेमेस्टर में लघुशोध
का प्रावधान किया जाए। लघुशोध के
विषय का निर्धारण पहले और तीसरे सेमे-
स्टर में ही किया जाए जिससे छात्रों को
अपने विषय पर कार्य करने का समुचित
अवसर मिल सके।
(NEP 2020 के अन्तर्गत स्नातक उपाधि का
चतुर्थ वर्ष और पीजी उपाधि का प्रथम वर्ष
एक समान अवसर पर होगा। इसलिए पी०जी०
उपाधि में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर दोनों
में लघुशोध का प्रावधान होगा)

समिति के समस्त सदस्यों ने उक्त एजेंडा बिन्दुओं पर गहनता पूर्वक विचार-विमर्श किया एवं उक्त सभी एजेंडा बिन्दु संख्या 01 से 05 हेतु संस्तुति प्रदान की। समिति ने संस्कृत के पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण किया, वर्तमान में पाठ्यक्रम में परिमार्जन / संशोधन की आवश्यकता प्रतीत नहीं हो रही है।

अन्त में संयोजिका के द्वारा पाठ्यक्रम निर्माण समिति के समस्त सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया गया, तदुपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

[signature] 23/7/26   [signature] 23.7.26

(प्रो० रामलता (खण्डेलवाल))   प्रो० इन्दिरा जुगरान

[signature]   [signature]
प्राचार्य   डॉ० अनीता रानी
चमन लाल महाविद्यालय (स्वायत्त)
लण्ढौरा (हरिद्वार)